PART FIRST

पहला भाग

आप इसमें पाएंगे–

- दस दिवसीय कोर्स
- अंग्रेजी बोलने की प्रारंभिक (Basic) जानकारी।
- अभिवादन और शिष्टाचार की विविध जानकारी।
- लिखावट की, उच्चारण की, संख्याओं की तथा दिन–महीनों की जानकारी।

TOP 10
TRENDING

आवश्यक बातें

अंग्रेजी बोलने के लिए अब आप तैयार हो जाइए, दृढ़ निश्चय करिए और सर्वप्रथम प्रस्तुत भाग की जानकारी व उनके प्रयोग किए जाने के तरीके को सदैव याद रखिए। यह भाग सबसे महत्त्वपूर्ण है। इस भाग के 10 पाठों में अभिवादन, शिष्टाचार, भावबोधक शब्द, अधिकांश प्रयोग किए जाने वाले वाक्यांश, लिखावट, उच्चारण, संख्याएं, दिन–सप्ताह और वर्ष–महीनों की सरल व ठोस जानकारी दी गई है। इनके अभ्यास से आप कहीं भी बेहिचक अंग्रेजी बोल सकेंगे।

Salutation Words in English

(सेल्यूटेशन वर्ड्स इन इंग्लिश)

अंग्रेजी में अभिवादन के प्रचलित वाक्य

जब आप बड़े व्यक्तियों, मित्रों, परिचितों अथवा अधिकारियों से मिलिए तो नम्रतापूर्वक निम्नलिखित अभिवादन के वाक्य / शब्द बोलिए और इन्हें सदैव याद रखिए–

	Hindi Words (हिंदी वर्ड्स) हिंदी शब्द	English Words (इंगलिश वर्ड्स) अंग्रेजी शब्द	Pronunciation in Hindi (प्रॅनन्सिएशन इन हिंदी) हिंदी उच्चारण
1.	हैल्लो	Hello	हैलो
2.	आप का क्या हाल है?	How do you do?	हाउ डू यू डू
3.	सुबह की नमस्ते	Good morning	गुड मार्निंग
4.	दोपहर की नमस्ते	Good afternoon	गुड आफ्टरनून
5.	शाम की नमस्ते	Good evening	गुड ईवनिंग
6.	शुभ दिन	Good day	गुड डे
7.	शुभ रात्रि	Good night	गुड नाइट
8.	विदा / विदाई	Farewell	फेयरवेल
9.	फिर मिलेंगे	See you again	सी यू अगेन
10.	सुहानी नींद सोओ	Sweet dreams	स्वीट ड्रीम्स
11.	हाय	Hi	हाई

आइए, अब बोलना शुरू करें–

प्रातः 4 बजे से लेकर बारह बजे दोपहर तक

	हिंदी में	अंग्रेजी में	हिंदी उच्चारण
(i)	नमस्ते, श्रीमान्!	Good morning, Sir!	गुड मॉर्निंग, सर!
(ii)	नमस्ते, दादाजी!	Good morning, Grandpa!	गुड मॉर्निंग, ग्रैंडपा!
(iii)	नमस्ते, पिताजी!	Good morning, Dad!	गुड मॉर्निंग, डैड!
(iv)	नमस्ते, माताजी!	Good morning, Mummy!	गुड मॉर्निंग, मम्मी!

बारह बजे दोपहर से शाम पाँच बजे तक

(i)	नमस्ते, दादीजी!	Good afternoon, Grandma!	गुड आफ्टरनून, ग्रैंडमां!
(ii)	नमस्ते, बहन!	Good afternoon, Sister!	गुड आफ्टरनून, सिस्टर!
(iii)	नमस्ते, भैया!	Good afternoon, Brother!	गुड आफ्टरनून, ब्रदर!

TOP 10 TRENDING

सायं पाँच बजे के बाद

(i) नमस्ते, बेटे!	Good evening, dear!	गुड ईवनिंग, डियर!
(ii) नमस्ते, चाचाजी!	Good evening, Uncle!	गुड ईवनिंग, अंकल!
(iii) नमस्ते, चाचीजी!	Good evening, Auntie!	गुड ईवनिंग, आन्टी!

रात को विदा होते हुए या सोते समय

(i) शुभ रात्रि	Good night!	गुड नाइट!

दिन में कभी भी

(i) अच्छा सर, चलते हैं।	Good day to you, Sir!	गुड डे टु यू, सर!

मुलाकात होने पर

(i) आपसे मिलकर बहुत खुशी हुई!	Pleased to meet you!	प्लीज़्ड टु मीट यू!

अपने मित्रों व परिचितों के साथ कभी भी (Informal greetings) बोल सकते हैं-

1. हैलो मिस गोयल!	Hello Miss Goyal!	हैलो मिस गोयल!
2. हाय मोहन!	Hi Mohan!	हाय मोहन!
3. हैलो श्याम!	Hello Shyam!	हैलो श्याम!
4. हैलो ब्रदर!	Hello Brother!	हैलो ब्रदर!
5. हाय रीता!	Hi Rita!	हाय रीता!
6. हैलो मोहित!	Hello Mohit!	हैलो मोहित!

ध्यान दें: 'हैलो' और 'हाइ' का प्रयोग अपने से बड़ों के साथ भी किया जा सकता है।

विदाई के समय बोलें-

1. अच्छा चलते हैं, मित्रों!	Goodbye, Friends!	गुडबाइ, फ्रैंड्स!
2. अच्छा!	Bye, bye!	बाइ-बाइ!
3. अच्छा चलें, बच्चो!	Ta-Ta, Children!	टा-टा चिल्ड्रेन!
4. चलते हैं, प्रिय!	Farewell, dear!	फेयरवेल, डियर!
5. अच्छा फिर मिलेंगे!	Bye, see you/so long!	बाइ, सी यू/सो लौंग!

Points to Remember

स्मरण संकेत

1. Grandfather (दादाजी) को Grandpa भी कहते हैं।
2. Father (पिताजी) को Dad या Daddy भी कह सकते हैं।
3. Grandmother (दादीजी) को Grandma भी कहते हैं।
4. Mother (माताजी) को Mom या Mummy भी कह सकते हैं।
5. मामा, मौसा, चाचा, काका, फूफा - सभी को अंकल (Uncle) कहा जाता है।
6. मामी, मौसी, चाची, ताई, बूआ - सभी को आंट या आंटी (Aunt, Aunty or Auntie) कहा जाता है।
7. किसी भी पुरुष के लिए आदरसूचक 'सर' (Sir) शब्द का भाव के लिए प्रयोग किया जाता है।
8. 'मैडम' (Madam) शब्द का प्रयोग किसी भी महिला के लिए आदरसूचक भाव के लिए किया जाता है।
9. 'कज़न' (Cousin) शब्द का प्रयोग चचेरे, ममेरे, मौसेरे या फुफेरे भाई या बहिन, किसी के लिए करें, कज़न ब्रदर या कज़न सिस्टर (Cousin Brother/Cousin Sister) नहीं।
10. अविवाहित महिला के लिए मिस (Miss) का प्रयोग करें। विवाहित महिला के लिए मिसेज़ (Mrs.) का प्रयोग करें। किसी भी महिला के लिए मिस (Ms) का प्रयोग करें।

Note: प्रस्तुत पाठ में दिए गए अंग्रेजी शब्दों को याद रखकर समयानुकूल प्रयोग करने से आप कहीं भी अपना अच्छा व्यवहार बना सकते हैं साथ ही आपमें अंग्रेजी बोलने की आदत पड़ेगी।

TOP 10
TRENDING